सड़क, पानी, बिजली, सफाई व्यवस्था देखने के लिए टीम के साथ आयुक्त निकले दौरे पर

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में हो रहे प्रमुख कार्य सड़क, पानी, उद्यान, निर्माण, बिजली, सफाई व्यवस्था देखने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सुबह 7:30 बजे पहुंचे। जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य संपादित किये जा रहे है। सभी कार्यो का अवलोकन करने के लिए आयुक्त वैशाली नगर जोन के विभिन्न वार्डो में भ्रमण किये। जिसमें सफाई व्यवस्था, पानी सप्लाई, बिजली व्यवस्था, निर्माण क्षेत्र में हो रहे कार्यो की प्रगति का अवलोकन किया। जोन आयुक्त येशा लहरे से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त किये। सभी कार्य समय अवधि में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हो यही प्राथमिकता होगी। कुरूद क्षेत्र में स्थित चंदुलाल चंद्राकर मेडिकल कालेज का पहुंच मार्ग को सीमेंटीकरण करने का प्रस्ताव जोन आयुक्त द्वारा रखा गया। उनके द्वारा बताया गया कि यह बहुत महत्वपूर्ण मार्ग है। मेडिकल कालेज में प्रतिदिन लगभग 200 से अधिक ओपीडी चलता है, बहुत सारे लोग ईलाज कराने जाते है। बहुत सारे गंभीर बिमारी से पीड़ित मरीज इस सड़क से गुजरते है, यह सड़क बारीश के समय बहुत जर्जर हो गया था, आने-जाने वाले लोगो को बहुत तकलीफ होती थी। इसलिए उसे डब्लू बी.एम. रोड बनाकर सुधार किया गया। अब वहां पर सी.सी. रोड निर्माण कर देने से सभी के लिए सुविधाजनक होगा, जो कचांदुर मार्ग लगभग 2300 मीटर का होगा। आयुक्त ने उसका प्रस्ताव बनाने को कहा, जो भी आवश्यक कार्य है उसे पूर्ण किया जाएगा। सफाई संबंधित व्यवस्था में एस.एल.आर.एम. सेंटर, ट्रेचिंग ग्राउण्ड, उद्यान, तालाब, पानी सप्लाई व्यवस्था आदि का वार्डो में जाकर निरीक्षण किये, आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। सार्वजनिक नल से बस्ती के लोग पानी भर रहे थे, जहां पर अनावश्यक पानी गिर रहा था। पुछने पे पता चला नल की टोटी कोई तोड़ दिया है, जिससे खराब हो गया। ऐसे जगहो सभी जगहो पर नल की टोटी लगाने को कहा। सभी यह ध्यान देगें कि कही पर भी पानी अनावश्यक बर्बाद न हो। अगर कोई टोटी तोड़े तो उसके खिलाफ कार्यवाही भी की जाए, सबके सहयोग से ही हम बेहतर सुविधा बना सकते है। दौरे के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अभियंता अरविंद शर्मा, स्वेता वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, सुपरवाइजर अंजनी सिंह,आदि उपस्थित रहे।